बाबा का जन्मदिन आया बड़ा सुन्दर दरबार सजाया लिरिक्स

बाबा का जन्मदिन आया,
बड़ा सुन्दर दरबार सजाया,
के खाटू चलो मौज मिलेगी,
प्रेमियों की फ़ौज मिलेगी।bd।

तर्ज – जट यमला पगला।

कीर्तन भी होंगे वहां हर,
धर्मशाले में,
डूबेंगे प्रेमी सारे,
खाटू वाले में,
ढोल भी बजेगा,
नगाड़े भी बजेंगे,
बाबा के भजनो पे,
ठुमके भी लगेंगे,
श्याम ने रंग जमाया,
जमाया जमाया,
बाबा का जनम दिन आया,
बड़ा सुन्दर दरबार सजाया।bd।

खाटू नगरिया सजी है,
गुब्बारों से,
गलियां वहां की भरी है,
श्याम प्यारों से,
बाबा का बर्थडे है,
केक कटेगा,
केक कटेगा तो,
सब में बंटेगा,
भक्तों का त्यौहार है आया,
है आया है आया,
बाबा का जनम दिन आया,
बड़ा सुन्दर दरबार सजाया।bd।

नाचेगा मोहन सभी को,
नचायेगा वो,
मोहित है जिसपे उसे ही,
बुलायेगा वो।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के पाने के लिए आप अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू में बरसेगी,
फुल ऑन मस्ती,
जिसके लिए सारी,
दुनिया तरसती,
बाबा ने हमको बुलाया,
बुलाया बुलाया,
बाबा का जनम दिन आया,
बड़ा सुन्दर दरबार सजाया।bd।

बाबा का जन्मदिन आया,
बड़ा सुन्दर दरबार सजाया,
के खाटू चलो मौज मिलेगी,
प्रेमियों की फ़ौज मिलेगी।bd।

Singer – Shyam Ladla Sukhbir Singh

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com